उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 01.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नवांगुतक पुलिस अधीक्षक महोबा का जनपद आगमन, अधिकारियों ने किया स्वागत—कानून-व्यवस्था पर हुई विस्तृत समीक्षा

आज दिनांक 01.04.2026 को नवांगुतक पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के जनपद महोबा आगमन पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया गया।

जनपद आगमन के उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद की पृष्ठभूमि, भौगोलिक स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों तथा महत्वपूर्ण स्थलों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।

बैठक के दौरान जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के संबंध में सार्थक चर्चा की गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्क एवं सक्रिय रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही जनता के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 01.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 01.04.2026 को नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 01.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित...।

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 01.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंके निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 01.04.2026

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम ने
## 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 01.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित व0उ0नि0 अनुरूद्ध प्रताप सिंह मय उ0नि0 अनुज कुमार सिंह मय हमराह कां0 राहुल अग्निरोत्री व कां0 कुँवर पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 71/2026 धारा 352/115(2)/351(3)/109(1) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.सुमित सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष 2.सुभाष पुत्र सभाजीत उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम रैवारा थाना कबरई जनपद महोबा को कस्बा कबरई थाना कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 01 अदद तंमचा 315 बोर नाजायज व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर एंव 02 अदद कारतूस 315 बोर व एक अदद मोटरसाइकिल पल्सर यूपी 78 एच यू 8269 बरामद की गई। अभियुक्तगण के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.व0उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह 2.उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
3.कां0 राहुल अग्निहोत्री 4.कां0 कुँवर पाल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.सुमित सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम रैवारा थाना कबरई जनपद महोबा
2. सुभाष पुत्र सभाजीत उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम रैवारा थाना कबरई जनपद महोबा

### बरामदगी –

अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अदद तमंचा .315 बोर नाजायज, 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर, 02 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर तथा 01 अदद मोटरसाइकिल पल्सर संख्या UP 78 HU 8269 बरामद हुई।

